आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 27.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए छह महीने के भीतर ड्रोन रोधी प्रणालियां स्थापित कर दी जाएंगी।
- राज्य में टेक होम राशन का वितरण अब चेहरा आधारित प्रमाणीकरण के जरिए किया जाएगा, मुख्य सचिव ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।
- आई.आर.सी.टी.सी अगले महीने ऋषिकेश से दो भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन करेगा, श्रद्धालु ज्योतिर्लिंगों और दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों के कर सकेंगे दर्शन।
- कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत हरिद्वार में 'हरित हरिद्वार' अभियान को जनसमर्थन मिल रहा है।

## अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ड्रोन के ज़रिए नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अगले छह महीने के भीतर ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाने की प्रक्रिया में है। राजस्थान के बीकानेर ज़िले में सांचू सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने यह घोषणा की।

## टेक होम राशन

राज्य में टेक होम राशन का शत प्रतिशत वितरण चेहरा आधारित प्रमाणीकरण के जरिए किया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। देहरादून में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि इससे पात्र लाभार्थियों तक राशन का सही तरीके से वितरण हो सकेगा और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चेहरा आधारित प्रमाणीकरण व्यवस्था

लागू करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियां शीघ्र पूरी की जाएं।

**'फिन बोध' ऐप**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन,नैनीताल में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा विकसित 'फिन बोध' एवं 'उत्तरावाणी' ऐप और असिस्टेंट होमस्टे मैनेजर पाठ्य सामग्री का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने इन पहलों को उत्तराखण्ड की आर्थिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन क्षमता को सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

राज्यपाल ने कहा कि 'फिन बोध' ऐप वित्तीय साक्षरता को सरल और व्यवहारिक रूप में आमजन तक पहुंचाने का अभिनव माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए निवेश, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, कर नियोजन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों की जानकारी आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐप आधारित माध्यमों से युवा तेजी से सीखते हैं और यह पहल वित्तीय जागरूकता बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने 'उत्तरावाणी' ऐप को उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति, भाषाओं और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**कॉन्क्लेव ऑन हाइड्रोजन**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने निजी कंपनी के सहयोग से उत्तराखंड इंडस्ट्री-अकादमिक कॉन्क्लेव ऑन हाइड्रोजन का आयोजन किया। सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत, शोधकर्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लेकर ग्रीन हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के भविष्य पर मंथन किया।

कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता "उत्तराखंड हाइड्रोजन वैली" की अवधारणा रही, जिसमें आईआईटी रुड़की को केंद्रीय ज्ञान और नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया। इस मॉडल के तहत उद्योगों, सरकारी एजेंसियों, स्टार्टअप्स और

शोध संस्थानों को जोड़कर उत्पादन, भंडारण, परिवहन और औद्योगिक उपयोग सहित संपूर्ण हाइड्रोजन वैल्यू चेन विकसित करने की योजना बनाई गई।

**अग्निवीर भर्ती**

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2026 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न श्रेणियों की ऑनलाइन परीक्षाएं जून 2026 में आयोजित की जाएगी।

अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम दिशा-निर्देश, परीक्षा केंद्र, रिपोर्टिंग समय व अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए समय-समय पर भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**भारत गौरव ट्रेन**

भारतीय रेलवे खानपान एंव पर्यटन निगम- आईआरसीटीसी अगले महीने ऋषिकेश स्टेशन से दो भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन करेगा। पहली ट्रेन 12 से 23 जून तक सात ज्योतिर्लिंग की यात्रा कराएगी, जबकि 29 जून से 10 जुलाई तक चलने वाली दूसरी ट्रेन दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराएगी। यात्री अपनी सुविधा अनुसार योगनगरी ऋषिकेश व हरिद्वार सहित कई स्टेशनों से ट्रेन में सवार हो सकेंगे। एक रिपोर्ट

**12 जून को योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से शुरू होने वाली भारत गौरव पर्यटक ट्रेन श्रद्धालुओं को ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, सोमनाथ, त्रयंबकेश्वर, भीमाशंकर व घृणेश्वर ज्योर्तिलिंगों के दर्शन कराएगी। 11 रात और 12 दिन के इस टूर के लिए आईआरटीसी ने 24 हजार एक सौ रुपए**

**प्रति व्यक्ति पैकेज तय किया है। पैकेज में स्लीपर क्लास का कंफर्म टिकट, खाना व ठहरने की सुविधा शामिल है। थर्ड एसी के लिए 40,890 व सेकेंड एसी के लिए 54,390 का भुगतान करना होगा। खास बात यह है कि ईएमआई के जरिए भी पैकेज लिया जा सकता है। वहीं 29 जून से 10 जुलाई तक संचालित होने वाली दूसरी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन श्रद्धालुओं को दक्षिण भारत के मीनाक्षी मंदिर मदुरे, तिरूपति बालाजी व मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग के दर्शन कराएगी।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से निशि भाटिया**

**जन समर्थन**

कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत हरिद्वार को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए शुरू किए जा रहे 'हरित हरिद्वार' अभियान को सामाजिक संगठनों और आम लोगों का समर्थन मिल रहा है। प्रशासन की ओर से प्रस्तावित इस विशेष वृक्षारोपण अभियान को लेकर विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठनों में उत्साह देखा जा रहा है।

अभियान की तैयारियों को लेकर मेला नियंत्रण भवन में मुख्य विकास अधिकारी और अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न गैरसरकारी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अभियान में सहयोग का भरोसा दिया।

बैठक में आगामी मानसून सत्र के दौरान बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस दौरान केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों के संरक्षण और देखभाल को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय जरूरतों और पर्यावरणीय परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में पौधारोपण किया जाएगा और लोगों को इससे व्यक्तिगत रूप से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

**ईद-उल-अजहा**

ईदुल उल अजहा के दौरान राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन सुरक्षा के व्यापक प्रबंध कर रहा है। धर्मनगरी हरिद्वार में ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए हरिद्वार पुलिस ने पूरे जिले को 7 सुपर जोन, 17 जोन और 34 सेक्टर में विभाजित किया है। पुलिस, पीएसी और खुफिया एजेंसियों की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जबकि सोशल मीडिया की भी निगरानी रखी जा रही है।

बहादराबाद मस्जिद के मुफ्ती शाहरुख मिस्बाही ने मुस्लिम समाज से जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

**कीवी मिशन**

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक लेते हुए उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वाकांक्षी योजनाओं में लाभार्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से होना चाहिए, ताकि वास्तविक और पात्र किसानों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कीवी एक उच्च मूल्य वाली नकदी फसल है और जिले में कीवी उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए,ताकि स्थानीय किसान इसका लाभ उठाकर अपनी आजीविका को मजबूत कर सकें।

श्री आर्य निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ केवल बड़े काश्तकारों तक ही सीमित न रहें,बल्कि छोटे और सीमांत किसानों को भी कीवी मिशन से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।